प्रेस नोट दिनांक 17.11.2025

थाना धीना जनपद चन्दौली

🔷 **थाना धीना पुलिस द्वारा स्थानीय व्यक्तियों के मदद से 01 चोर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

🔷 **गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी का सामान बरामद।**

चन्दौली- पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर, अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.) व क्षेत्राधिकारी सकलडीहा, स्नेहा तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष धीना भूपेन्द्र कुमार निषाद के नेतृत्व में थाना धीना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी किये गये माल में से एक अंगूठी(पीली धातु की) व एक जोड़ी पैजनी (पायल) (सफेद धातु) को बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विजय कुमार पुत्र रामनरायन निवासी कटरिया थाना करण्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 32 वर्ष के रूप में हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा अन्य आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनाँक 16.11.2025 को वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 15.11.2025 ग्राम सिरकलपुर मे रात के समय उसके घर में चोरी करते समय वादी के परिजनों द्वारा देखे जाने पर शोर मचाने के कारण 01 चोर अभियुक्त को ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिया गया था तथा इसके तीन साथी फरार हो गये थे। वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 122/2025 धारा 305(a),331(4) BNS का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त नाम व पता –
विजय कुमार पुत्र रामनरायन निवासी कटरिया थाना करण्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 32 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-
1.एक अंगूठी (पीली धातु)
2.एक जोड़ी पैजनी (पायल) (सफेद धातु)

बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-
1.थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद थाना धीना चन्दौली
2.उ0नि0 सुरेन्द्र यादव थाना धीना चन्दौली
3.का0 शंकर कुमार थाना धीना चन्दौली।